दिनांकः 08.02.2025
समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर से प्रस्तुत हैं
प्रादेषिक समाचार

- दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत–27 साल बाद सरकार बनाने की ओर अग्रसर।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रीमण्डल सदस्यों और भाजपा विद्यायकों के साथ प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान किया– राजस्थान मण्डपम में बैठक भी की।
- केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने कहा नागौर में फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में बडी संभावनाएं है।
- सोम–माही ओर जाखम नदियों के संगम स्थल पर बेणेश्वर मेले का आगाज।

000

दिल्ली में 27 वर्षो के अंतराल के बाद भारतीय जनता पार्टी फिर सरकार बनाने जा रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रचंण्ड जीत हासिल की है। **70 सीटों में से भाजपा ने दो तिहाई सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं आम आदमी पार्टी को 13 सीटों पर जीत मिली है।** इन चुनावों में कांग्रेस अपना खाता नही खोल पाई। चुनाव में दो दिग्गज चेहरों को करारी हार का सामना करना पड़ा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया चुनाव हार गये। वहीं निर्वतमान मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा के रमेश बिधूड़ी को मात दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनावा में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताया, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में लिखा कि जन शक्ति सर्वोपरि है और यह सुशासन की जीत है।
केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि दिल्लीवासियों ने दिखा दिया है कि जनता को झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता। उन्होंने दिल्ली में भाजपा की प्रचण्ड जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री की विश्वसनीयता और सुशासन की राजनीति पर विश्वास व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसे केंद्र सरकार की लोक–कल्याणकारी नीतियों पर जनता ने विश्वास की मुहर बताया है।

---------------

दिल्ली में भाजपा की जीत का जश्न प्रदेश में भी मनाया जा रहा है। अजमेर, पाली, करौली व भीलवाड़ा सहित कई स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

000

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी आज नागौर ज़िले के मूण्ड़वा आए उन्होंने बालिका शिक्षा को समर्पित एक निजी संस्थान में आयोजित समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि मारवाड़ में जनसहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम हो रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद लोग मेहनत से आगे बढ़ रहे हैं। नागौरी पान मेथी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नागौर में फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में बड़ी संभावनाएं हैं। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े भी इस अवसर पर मौजूद रहे उन्होंने संस्थान में नए बने हॉस्टल और सभागार का लोकापर्ण किया।

राज्यपाल श्री बागड़े ने आज अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत की वे आज सलूंबर के चावंड भी पहुंचे। श्री बागड़े ने महाराणा प्रताप की निर्वाण स्थली पर उनकी 428 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और बलिदान का पुण्य स्मरण किया। वहीं जयपुर में राज्यपाल ने आज राजभवन में **भारत दर्शन यात्रा** पर आए विद्यार्थियों के दल से मुलाकात की। सीमा सुरक्षा बल की ओर से आयोजित इस यात्रा में शामिल 35 विद्यार्थियों का समूह जम्मू तवी से जयपुर आया है। इस दौरान राज्यपाल से संवाद में उन्होंने भारत दर्शन यात्रा के अनुभव साझा किए।
राज्यपाल श्री बागडे ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत'की संकल्पना के तहत इस तरह की यात्राओं को महत्वपूर्ण बताया।

000

केन्द्रीय आयुष राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा है की आयुर्वेद विदेशों में भी तेज़ी से लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने कहा की आयुर्वेद को और अधिक बढ़ावा देने के लगातार प्रयास किये जा रहे है। श्री जाधव आज जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के 50 वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने संस्थान के नवाचारों की सराहना करते हुए कहा  कि यहां बेहतर तकनीक और सुविधाओं के साथ मरीजों का ईलाज किया जा रहा है। उन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में शोध को बढावा देने के संस्थान के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

---------------

समाचार महाकुंभ से –

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज प्रयागराज महाकुंभ में संगम स्थल पर पवित्र स्नान किया श्री शर्मा आज सुबह मंत्रीमण्डल और भाजपा विधायकों साथ प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने इस अवसर पर गंगा, यमुना और सरस्वती की विधिवत पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। श्री शर्मा ने राजस्थान मण्डपम में मंत्रीपरिषद की बैठक भी ली। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने महाकुंभ को आध्यात्मिकता और मानवता का महोत्सव बताया। उन्होंने गंगा नदी को जीवन दायिनी बताया।

----------------

महाकुंभ में अब तक 41 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं और लाखों श्रद्धालुओं का संगम पहुंचना जारी है। महाकुंभ मेला 13 जनवरी से शुरू हुआ था यह 26 फरवरी तक चलेगा।

000

अलवर में सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया गया है। इसके तहत इन्दिरा गांधी स्टेडियम में कई प्रतियोगिताएं हुई। अलवर सांसद और केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मीडिया से बातचीत में श्री यादव ने कहा  कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हे भी इस आयोजन से जोड़ा गया।

------------------

000

उत्तराखण्ड में चल रहे 38 वें राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान के दल ने अब तक हुए मुकाबलों में 29 पदक हासिल किए हैं। इनमें 7 स्वर्ण, 6 रजत और 16 कास्य पदक शामिल है। आज रूद्रपुर में राजस्थान की हैण्डबॉल टीम का मुकाबला हुआ। वहीं कल हुए मुक्केबाजी मुकाबलों में राजस्थान ने रजत और कास्य पदक जीता। राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान को 4 स्वर्ण सहित 11 मेडल दिलाने वाले वउशु खिलाड़ियों का कल राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर नीरज के. पवन ने एस.एम.एस. स्टेडियम में सम्मान किया।

000

आदिवासियों का महाकुंभ कहे जाने वाले बेणेश्वर मेले का आज से आगाज हुआ। यह मेला डूंगरपुर ज़िले के सोम, माही और जाखम नदियों के संगम स्थल बेणेश्वर धाम पर भरता है। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवक हो रही है। हमारे डूंगरपुर संवाददाता ने बताया कि ढोल नंगाड़ो के बीच धाम पर सतरंगी ध्वजा फहराकर मेले का शुभारंभ हुआ।

-----------------

जैसलमेर में कल से मरू महोत्सव की शुरूआत होने जा रही है 12 फरवरी तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान देशी–विदेशी सैलानियों और स्थानीय नागरिकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और रोचक प्रतियोगिताएं होंगी। महोत्सव का शुभारंभ कल शोभा यात्रा के साथ किया जायेगा।

000

जालौर ज़िले के सांचौर में पुलिस ने आज सवा छः सौ पैकेट नकली देशी घी बरामद किया। ये कार्रवाही सिद्धेश्वर गांव में की गई जहां एक कारखाने में यह मिलावटी घी बनाया जा रहा था। इस प्रकरण में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

000

हनुमानगढ में पंजाब नेशनल बैंक की ओर से लोन मेला लगाया गया। आज समाप्त हुए इस मेले में 700 सौ अधिक लोगों को करीब पचास करोड़ रूपये के ऋण वितरित गये। साथ ही इस दौरान लोगों को सौर उर्जा उपकरणों का इस्तेमाल करने और सोलर रूफ टॉप लगवाने के लिए प्रेरित किया गया।

000